# इस परियोजना में आप का स्वागत

## गोविन्दराज शेट्टी.हेच.वी

## सह-शिक्षक

## सरकारी हाईस्कूल

## दोड्डहल्ली-574121,पावगड - तहसिल



# हिंदी - व्याकरण


## विराम चिह्न



# विराम चिह्न

भावों और विचारों को स्पष्ट करने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग वाक्य के बीच या अंत में किया जाता है, उन्हें विराम चिह्न कहते हैं।



# विरामचिह्न

विराम का शाब्दिक अर्थ होता है – ठहराव।

भावों और विचारों की अभिव्यक्ति स्पष्ट और बोधगम्य बनाने के लिए विराम्चिह्नों का प्रयोग किया जाता है।

विरामचिह्नों से वाक्य-विन्यास और भावों की अभिव्यक्ति में स्पष्टता आ जाती है और सौंदर्य भी बढ़ जाता है।

# विरामचिह्न


## इन वाक्यों से विराम चिह्नों का महत्व स्पष्ट हो जाता है :-

१. रोको, मत जाने दो।

२. रोको मत, जाने दो।

३. लिखो, मत पढ़ो।

४. लिखो मत, पढ़ो।






| क्रम संख्या | विराम चिह्न का नाम | चिह्न | अंग्रेजी नाम |
|---|---|---|---|
| १ | अल्प विराम | , | Comma |
| २ | अर्द्ध विराम | ; | Semicolon |
| ३ | पूर्ण विराम | । | Full Stop |
| ४ | प्रश्न वाचक चिह्न | ? | Interrogation |
| ५ | विस्मयादि बोधक चिह्न | ! | Exclamation |
| ६ | विवरण चिह्न | : | Colon |
| ७ | योजक चिह्न | - | Hyphen |
| ८ | निर्देशक चिह्न | _ | Dash |
| ९ | उध्दरण चिह्न | "......" | Inverted Comma |
| १० | कोष्टक चिह्न | ( ) /[ ] | Brackets |

# १. अल्पविराम – Comma

## अल्पविराम का प्रयोग वहाँ होता है, जहाँ सबसे कम देर तक ठहना पडता है।



### उदाहरण

१. वह आज नहीं आया,क्योंकि वह बीमार है।

२. सचमुच, वह सुन्दर है।

३. राम, अब तुम जा सकते हो।

४. नहीं, नहीं, वह चोर नहीं।



# २. अर्द्ध विराम ; Semi Colon

अर्द्धविराम अल्प तथा पूर्णविराम के बीच की अवस्था है। इसलिए अर्द्धविराम पर अल्पविराम की अपेक्षा अधिक और पूर्णविराम की अपेक्षा कम ठहरना पडता है। इसलिए अर्द्धविराम का प्रयोग बहुत ही सावधानी से करना पडता है।

**उदाहरण :-**

१.गलती करना बच्चों का स्वभाव है ; क्षमा करना बड़ों का धर्म है।

२.मनुष्य कुछ सोचता है ; ईश्वर कुछ और ही।

३.वह कभी हँसता है ; कभी रोता है ; कभी उठता है ; कभी बैठता है।

# ३. पूर्णविराम । Full Stop.

- जहाँ वाक्य का आशय पूर्णहो जाता है, वहाँ पूर्णविराम का प्रयोग किया जाता है। प्रश्न बोधक तथा विस्मय बोधक के अतिरिक्त शेष वाक्यों की समाप्ति पर पूर्णविराम लगाया जाता है । दोहे आदि पुरानी पद्य प्रकार में पूर्णविराम का प्रयोग करते हैं।

उदाहरण:-

१. वह पुस्तक पढ़ता है। २. सुजाता अच्छी लड़की है।

३. अमर नहीं जाएगा। ४. रमेश कहा कि लता कल आ जाएगी।

५. 'सत्य बोलो' । ६. 'धर्म का आचरण करों'।

# ४.प्रश्नवाचक चिह्न ? Note of Interrogation

- प्रश्न का बोध होने पर वाक्य के अंत में पूर्ण विराम के स्थान पर प्रशवाचक चिह्न का प्रयोग किया जाता है।



उदाहरण :-

१. आप क्या कर रहे हैं ?

२. वह क्यों हँस रहा है ?

३. वहाँ कौन कौन हैं ?

४.गोपाल आजकल कहाँ रहता है ?



५.आप जा रहें हैं ?

६.आपका शुभनाम जान सकता हूँ ?

७. आप अच्छे है न ?

# ५. विस्मयादि बोधक चिह्न ! Note of Exclamation

- विस्मयादि बोधक अव्ययों तथा शोक, हर्ष, भाय, आश्चर्य आदि मनोविकारों को प्रकट करने के लिए वाक्य के अंत में या मध्य में विस्मयादि बोधक चिह्न का प्रयोग किया जाता है।


उदाहरण :-


अहा ! आज छुट्टी का दिन है !

वाह ! कितना अच्छा !

कैसा सुन्दर दृश्य है !

हे प्रभो ! हमें बल-बुद्धि दो।





# ६. विवरण चिह्न : Colon

- जब एक सामान्य बात कहकर आगे उसका विवरण देने के संदर्भ में विवरण चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

**उदाहरण :-**

वचन के दो प्रकार हैं : एक वचन और बहुवचन।

लिंग के दो भेद हैं : पुल्लिंग और स्त्रीलिंग।

# ७.योजक चिह्न - Hyphen

- योजक चिह्न का प्रयोग सामासिक पदों या पुनरुक्त और युग्म शब्दों के बीच में किया जाता है। योजक चिह्न दो या दो से अधिक शब्दों को जोड़कर एक शब्द बनाता है।

उदाहरण :-

फल-फूल, चाल-चलन, पढ़ना-लिखना, जीवन-मरण, दिन-रात, देश-विदेश, तन-मन-धन

# ८. निर्देशाक चिह्न — Dash

- **वाक्यांशो तथा वाक्य के बीच निर्देशाक चिह्न का प्रयोग किया जाता है।**

उदाहरण :-

गाँधीजी ने कहा — करो या मरो।

ये नेता — ये भ्रष्ट नेता — देश के दुश्मन है।

ये चित्र — ये चल चित्र — बहुत खतरनाक हैं।

## . उद्धरण चिह्न “....” Inverted Comma

- किसी की उक्ति या लेख को उसीके शब्दों में ज्यों का त्यों उदघृत करते समय उक्ति के दोनों ओर उद्धरण चिह्न / अवतरण चिह्न का प्रयोग किया जाता है। अवतरण चिह्न के पूर्व अल्पविराम अनिवार्य रूप से लगाया जाता है।

महात्मा बुद्धने कहा,“मैं जनमात्र का कल्याण चाहता हूँ।”

राम ने श्याम से कहा, “मैं तुम्हारा मदद करूँगा।”

’गोदान’ की कथा संक्षिप्त रूप में लिखिए।

# १०. कोष्टक ( ) / [ ] Brackets

- वाक्य में किसी शब्द या वाक्यांश का अर्थ स्पष्ट करना हो तो कोष्टक चिह्नों का प्रयोग किया जाता है। कोष्टक का प्रयोग क्रम सूचक अंकों या वर्णों के साथ भी किअया जाता है।

- आयुर्वेद ( जीवनदान देने वाली विद्या ) की शिक्षा दी जाती है।
- ऐसे व्यक्ति ( दुर्जन ) से दूर रहना चाहिए।
- (१) विवेकानंदजी (अ) भगतसिंग


# Punctuation








Punctuation



Punctuation
Punctuation Mark
Purpose
Example
Full Stop
Exclamation Mark
Question Mark
Comma
Apostrophe
Colon
Semi-Colon
Brackets
Dashes
Ellipsis
Inverted Commas



# Punctuation



| Punctuation | |
|---|---|
| " | Quotation |
| ' | Apostrophe |
| ? | Question |
| . | Period |
| , | Comma |
| - | Hyphen |
| ( ) | Parenthesis |
| / | Slash |
| ! | Exclamation |
| & | Ampersand |



# भाषाभ्यास :-

इन वाक्यों में निहित विराम चिह्नों पहचानिए तथा सस्वर पढ़िए।

आज का युग वैज्ञानिक युग है।

आप जा रहें हैं ?

वाह ! कितना सुन्दर दृश्य है।

गुरूजी ने कहा, " हमेशा सच बोलो। "

हाँ , हाँ , वह दुष्ट है।

जीवन में सुख – दुख , दिन – रात के समान होते हैं।

यहाँ दो प्रकार के लोग हैं : शिक्षित और अशिक्षित।

मनुष्य कुछ सोचता है ; ईश्वर कुछ और ही।

तुम इन किताबों को पढ़ो : (१) कामायनी (२) साकेत




AVOPA